वजह से भी घासलेट की कमी हुई । इसलिए अब यह व्यवस्था की गई है कि तेल को डीपो पर दिया जाये और वे लोग डीपो पर से लें । डीपो पर कैपेसिटी बढ़ाने की कोशिश की जा रही है । जहां तक घासलेट के कंट्रोल आर्डर को लागू करने का सवाल है, हमने स्टेट गवर्नमेंट के अधिकारियों से निवेदन किया है कि वे कंट्रोल आर्डर को सख्ती के साथ अमल में लाने की कोशिश करें ।

**श्री विभूति मिश्र :** मैंने इस सम्बन्ध में प्रधान मंत्री को पत्र लिखा था । उन्होंने बड़ी सहानुभूति के साथ लिखा कि उत्तर बिहार को तेल की जिस कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है वह दूर कर दी जायेगी । हमारे यहां मोतिहारी से 110 मील पर बरौनी पड़ता है । वहां तेल पड़ा हुआ है । लेकिन गांवों में तेल दो रुपये बोतल के हिसाब से विकता है । क्या मंत्री महोदय होलसेलर्ज और डिलर्ज के लैवल पर एक नान-आफिशल कमेटी बनाने की बात सोच रहे हैं, जो उनका हिसाब देखें कि कितना तेल आया और किस प्रकार उसका डिस्ट्रीब्यूसन हुआ ; यदि हां, तो सरकार कब तक इस व्यवस्था को काम में लायेगी ।

**श्री पी० सी० सेठी :** जहां तक बिहार में घासलेट की कमी का ताल्लुक है, मुझे पक्का यकीन है कि जब बरौनी से पाइपलाइन के द्वारा घासलेट पहुंच जायेगा, तो उसके बाद घासलेट की कमी नहीं होगी । जहां तक एडवाइजरी कमेटी बनाने का सवाल है, यह कंट्रोल आर्डर स्टेट गवर्नमेंट एनफोर्स करती है । यदि कलेक्टर चाहे, तो वह जिला स्तर पर ऐसी एडवाइजरी कमेटी बना सकता है । इसमें हमारी तरफ से कोई एतराज नहीं है ।

**श्री हुकम चन्द कछवाय :** मंत्री महोदय ने कहा है कि तेल की कमी इसलिए हुई है कि बहुत से लोग तेल को पेट्रोल में मिलाते हैं । मैं यह जानना चाहता हूं कि ऐसे लोगों को पकड़ने के लिए क्या उपाय किये जा रहे हैं । मध्य प्रदेश में भी मिट्टी के तेल की बहुत भयंकर तंगी है । विशेषकर मंत्री महोदय के चुनाव-क्षेत्र में लोग त्राहि-त्राहि कर रहे हैं । वहां पर सवा, डेढ़ रुपये की बोतल मिलती है । क्या मंत्री महोदय वहां अतिरिक्त तेल पहुंचाने की व्यवस्था करेंगे ?

**अध्यक्ष महोदय :** यह सवाल उड़ीसा के बारे में हैं, लेकिन माननीय सदस्य बिहार और मध्य प्रदेश वगैरह के बारे में सवाल पूछ रहे हैं । जो लोग प्रोसीडिंग्ज को पढ़ेंगे, वे कहेंगे कि मेम्बरसाहबन तो ये सवाल पूछ रहे थे, लेकिन स्पीकर भी उनकी इजाजत दे रहा था । इसलिए आप मुझपर मेहरबानी करें ।

**श्री हुकम चन्द कछवाय :** अध्यक्ष महोदय, यह सारे देश का मसला है । मंत्री महोदय ने स्वयं कबूल किया है कि तेल को पेट्रोल में मिलाया जाता है ।

**अध्यक्ष महोदय :** लेकिन आप तो यहां क्वेस्चन में मिलावट कर रहे हैं ।

SHRI S. B. GIRI : The minister said that it is the unscrupulous traders who have created artificial scarcity. May I know how many of such people have been arrested ?

SHRI P. C. SETHI : I did not say so in such general and broad terms ; I said, some unscrupulous traders do try to do it. It is for the State Government to take suitable action against them.

---

## WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

### Merger of Hindustan Antibiotics with I. D. P. L.

*308. SHRI M. RAM GOPAL REDDY : Will the Minister of PETROLEUM AND CHEMICALS be pleased to state :

(a) whether there is any proposal before Government for the merger of the Hindustan Antibiotics Ltd., Pimpri with the Indian Drugs and Pharmaceuticals Limited ; and

(b) if so, the reaction of Government thereto ?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND CHEMICALS (SHRI P. C. SETHI) : (a) No, Sir, there is no such proposal before Government at present.

(b) Does not arise.

**पाकिस्तान द्वारा भारत की जल सीमा का उल्लंघन किया जाना**

*312. **श्री ओंकार लाल बेरवा** : क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) ताशकन्द करार के पश्चात पाकिस्तान द्वारा भारत की समुद्र सीमा का अब तक कुल कितनी बार उल्लंघन किया गया है ;

(ख) भविष्य में इस प्रकार के उल्लंघन रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ; और

(ग) उपर्युक्त अवधि में इस प्रकार के उल्लंघन की घटनाओं के दौरान पाकिस्तान के कितने सैनिक तथा नागरिक गिरफ्तार किये गये ?

**रक्षा मंत्री (श्री जगजीवन राम)** : (क) ताशकन्द समझौते के बाद पाकिस्तानी युद्ध पोतों द्वारा हमारी अधिकृत जलसीमा का कोई उल्लंघन नहीं किया गया है ।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठते

**Purchase of Crude oil directly from the producer country due to rise in price of Aghajari Crude**

*315. SHRI A. K. GOPALAN : Will the Minister of PETROLEUM AND CHEMICALS be pleased to state :

(a) whether Government have taken any steps to purchase the crude oil directly from the producer country in view of the rise in the price of Aghajari Crude supplied to Cochin Refinery by C. F. P. of France ; and

(b) if so, the nature of those steps ?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND CHEMICALS (SHRI P. C. SETHI) : (a) and (b) The price of crude has been raised not only by CFP supplying crude to Cochin Refinery but also by other private oil companies supplying crude to their own refineries and the Darius crude being supplied to the Madras refinery. The possibility of purchasing crude directly by producing countries and other ways by which crude can be procured by Government from cheaper sources are being explored.

**Trade Training to Jawans**

*316. SHRI TEJA SINGH SWATANTRA : Will the Minister of DEFENCE be pleased to state :

(a) whether Government have prepared a scheme to impart training in some trade to the Jawans one year before their retirment in order to enable them to earn easily their livelihood after retirement ;

(b) if so, the salient features thereof ; and

(c) when the scheme is expected to be implemented ?

THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI JAGJIWAN RAM) : (a) to (c) A number of pre-release training schemes are being implemented. The duration varies according to requirment and the different courses for training in earth-moving equipment, farm machinery, agriculture, dairy, cattle development, bee-keeping and mushroom cultivation. A more comprehensive scheme for imparting a pre-release and a continued post-release training to a maximum of 1000 men every year in collaboration with State Governments is presently under the consideration of Government.

**Jhuggies at Bapu Dham, Chanakya Puri, New Delhi**

*317. SHRI B. K. DASCHOWDHURY : Will the Minister of WORKS AND HOUSING be pleased to state :

(a) whether a large number of Jhuggies emerged at Bapu Dham, Chanakya Puri, New Delhi soon after the stay orders were passed ;